asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

जिला क्रिकेट संघ का गठन... पृष्ठ 2
श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के... पृष्ठ 3

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरूणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

नांदगांव टाइम्स

गुरूवार, 12 नवम्बर 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 51, अंक 31, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

स्वच्छ सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ का परचम, बिल्हा ने हासिल किया देश में पहला स्थान, रायपुर, बिलासपुर भी पुरस्कृत



20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में बिल्हा ने देश में हासिल किया प्रथम स्थान

स्वच्छता और बेहतर नगरीय प्रबंधन के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

रायपुर। स्वच्छता और बेहतर नगरीय प्रबंधन की दिशा में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के तीन नगरीय निकायों नगर पालिक निगम रायपुर, नगर पालिक निगम बिलासपुर और नगर पंचायत बिल्हा को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विशेष रूप से बिलासपुर जिले की नगर पंचायत बिल्हा ने देश में 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। वहीं, 'स्वच्छ रिवर फ्रंट टाउन' श्रेणी में छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ने राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। रायपुर नगर पालिक निगम को स्वच्छता में राज्य में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के पुरस्कार वितरण समारोह में राष्ट्रपति मती द्रौपदी मुर्मु के हाथों छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव, विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा तथा संबंधित नगरीय निकाय के महापौरों एवं आयुक्तों ने राष्ट्रीय पुरस्कार ग्रहण किया। इस उपलब्धि से राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों के स्वच्छता संबंधी प्रयासों को नई पहचान मिली है। कार्यक्रम में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर तथा केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर प्रदेशवासियों, संबंधित नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और स्वच्छता कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साय ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में छत्तीसगढ़ को मिले राष्ट्रीय सम्मान हमारे शहरों की बदलती तस्वीर और स्वच्छता के प्रति प्रदेशवासियों की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 को होगा राज्य स्तरीय आयोजन

राज्य प्रभारी ईरानी ने दशहरा मैदान पहुंचकर तैयारियों का लिया जायजा

राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन होंगे मुख्य अतिथि, जनजातीय समाज की गौरवशाली विरासत, संस्कृति और राष्ट्र निर्माण में योगदान को किया जाएगा रेखांकित



रायपुर। महान जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा। समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस आयोजन के माध्यम से जनजातीय समाज की गौरवशाली विरासत, समृद्ध संस्कृति, परंपराओं, लोकज्ञान तथा राष्ट्र निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही जनजातीय समुदायों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी आम नागरिकों को दी जाएगी।

राज्य स्तरीय समारोह की तैयारियों का जायजा लेने आज राज्य प्रभारी मती स्मृति ईरानी धरमजयगढ़ के दशहरा मैदान पहुंचीं। उन्होंने आयोजन स्थल का निरीक्षण कर मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, बैरिकेडिंग, आवागमन, सुरक्षा, पार्किंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने वाले अतिथियों एवं आम नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा निर्धारित समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

श्रीमती स्मृति ईरानी ने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा तैयार किए जा रहे प्रदर्शनी स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्टॉलों में प्रदर्शित की जाने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं, विभागीय उपलब्धियों तथा जनजातीय हितग्राहियों को मिल रहे लाभों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रदर्शनी को आकर्षक, जानकारीपूर्ण और जनोपयोगी बनाया जाए, ताकि आम नागरिकों, विशेषकर युवा पीढ़ी को जनजातीय समाज की उपलब्धियों, समृद्ध परंपराओं और शासन की योजनाओं के संबंध में बेहतर जानकारी प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मती लता उसेंडी, कृषि मंत्री एवं रायगढ़ जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओ.पी. चौधरी, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

जनजातीय समाज की गौरवशाली विरासत और राष्ट्र निर्माण में योगदान को मिलेगा सम्मान

राज्य प्रभारी मती स्मृति ईरानी ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रीय एकता के बीच एक सशक्त सेतु के रूप में महत्वपूर्ण है। यह अवसर केवल जनजातीय वीरों के बलिदान को नमन करने का ही नहीं, बल्कि उनके संघर्ष, साहस और स्वाभिमान से प्रेरणा लेकर समावेशी विकास, सामाजिक समरसता और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में जनजातीय समाज की भागीदारी को और मजबूत करने का भी है।

उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आयोजित जनजातीय गौरव दिवस और गौरव सप्ताह का संदेश है कि जनजातीय समाज का इतिहास केवल संघर्ष और बलिदान की गाथा नहीं, बल्कि भारत की सभ्यता, संस्कृति, स्वाभिमान और राष्ट्र निर्माण की अमूल्य विरासत है। इस विरासत का सम्मान और संरक्षण विकसित भारत एवं विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने की महत्वपूर्ण आधारशिला है।

महाकाल मंदिर सिंघल में आज अन्नकूट एवं 56 भोग प्रसादी

महाकाल भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील



राजनांदगांव। दीपावली पर्व के पश्चात मंदिरों में अन्नकूट एवं छप्पन भोग प्रसादी का आयोजन करने की धार्मिक परंपरा रही है। इसी कड़ी में सिंघोला स्थित श्री महाकाल मंदिर में आज गुरुवार 12 नवंबर को बाबा भोलेनाथ महाकाल को छप्पन भोग अर्पित कर अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर महाकाल मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ बाबा महाकाल को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। इसके पश्चात श्रद्धालुओं के लिए अन्नकूट एवं 56 भोग की प्रसादी का वितरण किया जाएगा। महाकाल भक्त पवन डागा एवं महाकाल सेना ने सभी महाकाल भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचकर अन्नकूट एवं छप्पन भोग प्रसादी ग्रहण करने तथा बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

वाणिज्यिक कर विभाग में बड़ा फेरबदल, 32 अफसरों का किया गया तबादला



रायपुर। वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग में प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के उद्देश्य से अधिकारियों और कर्मचारियों के थोक में तबादले किए गए हैं। मंत्रालय महानदी भवन से जारी आदेश के तहत वरिष्ठ उप पंजीयक और उप पंजीयक स्तर के कुल 32 अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर नए स्थानों पर पदस्थ किया गया है।

अन्य स्तर के कर्मचारी शामिल

जारी इस सूची में वरिष्ठ उप पंजीयक और उप पंजीयकों के अलावा जिला पंजीयक, रिकॉर्ड कीपर, पंजीयक लिपिक और सहायक ग्रेड दो स्तर के कर्मचारी भी शामिल हैं। जारी आदेश के अनुसार, रायपुर के मुख्यालय वरिष्ठ उप पंजीयक देवराज साव को कुरुद उप पंजीयक कार्यालय में नई पदस्थापना दी गई है।

वहीं, कुरुद से कफील अहमद खां को महासमुंद और पेंड्रारोड से डॉक्टर लक्ष्मी पांडेय को राजिम भेजा गया है। इसके अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को इधर से उधर किया गया है।

यह संपूर्ण तबादला प्रक्रिया मुख्यमंत्री के अनुमोदन के उपरांत राज्यपाल के नाम से उप सचिव शिव कुमार सिंह द्वारा जारी की गई है। अधिकारियों को तत्काल नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है।

मुख्य मार्ग पर पोस्टर-बैनर का कब्जा, अनुमति और वसूली का जिम्मा किसका?

पुराने ठेकेदार पर 54 हजार रुपये से अधिक की राशि बकाया, अनुबंध निरस्त करने के बाद भी व्यवस्था बेपटरी; नया लाइसेंस अभी प्रक्रिया में,

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर पंचायत से नगर पालिका का दर्जा प्राप्त कर चुके डोंगरगांव में सार्वजनिक स्थलों पर प्रचार सामग्री लगाने की व्यवस्था सवालों के घेरे में है। नगर के अंतरराज्यीय मुख्य मार्ग पर जगह-जगह लगे होर्डिंग, पोस्टर, फ्लेक्स और बैनर इस बात की गवाही दे रहे हैं कि सार्वजनिक स्थलों के उपयोग को लेकर प्रभावी नियंत्रण नहीं है। चुनाव हो, धार्मिक आयोजन हो अथवा किसी नेता या पदाधिकारी का आगमन, स्वागत और बधाई के नाम पर प्रचार सामग्री लगाने की होड़ मच जाती है। कुछ ही समय में मुख्य मार्ग के खंभे, सार्वजनिक स्थल और शासकीय कार्यालयों के आसपास का क्षेत्र पोस्टर-बैनर से पट जाता है।

नगर पालिका क्षेत्र में इस मुख्य मार्ग की लंबाई लगभग तीन किलोमीटर है। मार्ग के दोनों ओर शासन के अनेक महत्वपूर्ण कार्यालय भी स्थित हैं। इसके बावजूद प्रचार सामग्री लगाने के लिए अनुमति लेने और निर्धारित शुल्क जमा करने की व्यवस्था का पालन होता नजर नहीं आता। किस स्थान पर कौन प्रचार सामग्री लगाएगा और कितने समय तक लगाएगा, इसकी परवाह किए बिना लोग अपनी सुविधा के अनुसार सार्वजनिक स्थलों का उपयोग कर रहे हैं।

पुराने ठेकेदार का अनुबंध निरस्त, 54,083 रुपये जमा नहीं हुए

नगर पालिका के दस्तावेजों से पता चलता है कि होर्डिंग विज्ञापन



की अनुमति और शुल्क वसूली को लेकर पहले ठेका व्यवस्था संचालित थी। 15 अक्टूबर 2025 को तत्कालीन नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा एक ठेकेदार को जारी पत्र में वर्ष 2024 एवं 2025 की निर्धारित राशि 54,083 रुपये समय-सीमा में जमा नहीं करने का उल्लेख किया गया है। पत्र में अनुबंध की शर्त क्रमांक 14 के तहत ठेका निरस्त किए जाने की जानकारी दी गई है। साथ ही संबंधित ठेकेदार को 24 घंटे के भीतर स्थापित होर्डिंग बोर्ड हटाकर कार्यालय को अवगत कराने कहा गया था। ऐसा नहीं करने पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने और नगर पंचायत द्वारा बलपूर्वक बोर्ड हटाने की चेतावनी भी दी गई थी। हटाने में होने वाले खर्च की वसूली भी संबंधित ठेकेदार से किए जाने की बात कही गई थी। इस दस्तावेज से यह स्पष्ट होता है कि विज्ञापन व्यवस्था को लेकर पूर्व में ठेका दिया गया था और निर्धारित राशि जमा नहीं होने पर अनुबंध निरस्त करने की कार्रवाई की गई थी। हालांकि, निरस्तीकरण के बाद बकाया राशि की वसूली और संबंधित होर्डिंग हटाने की कार्रवाई किस स्तर तक पहुंची, यह स्पष्ट होना बाकी है।

वर्तमान में न ठेका, न लाइसेंस व्यवस्था लागू

नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एच. विनम्र जेमा ने बताया कि वर्तमान में होर्डिंग अथवा प्रचार सामग्री लगाने के लिए शुल्क वसूली का कोई ठेका या लाइसेंस जारी नहीं किया गया है। पूर्व में जिस व्यक्ति को ठेका दिया गया था, उसने निर्धारित राशि जमा नहीं की। इस संबंध में पालिका की ओर से नोटिस जारी किया गया था, लेकिन इसके बाद भी राशि जमा नहीं की गई।

अब नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि भविष्य में विज्ञापन सामग्री लगाने के लिए लाइसेंस व्यवस्था लागू करने की प्रक्रिया चल रही है और इसे जल्द ही लागू किया जाएगा। सीएमओ ने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ में होर्डिंग नीति के संबंध में राज्य स्तर पर एक समान नियम लागू नहीं हैं। अलग-अलग नगरीय निकाय अपनी आय बढ़ाने के लिए प्रयास करते हैं। शासन को इस दिशा में स्पष्ट नियम बनाने चाहिए, जिससे नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों के आय के स्रोत में वृद्धि हो सके।

लोक निर्माण विभाग की भूमिका भी महत्वपूर्ण

इस मामले में एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि नगर का अंतरराज्यीय मुख्य मार्ग लोक निर्माण विभाग के अधीन है। ऐसे में सड़क की सीमा में आने वाले स्थलों, विभागीय परिसंपत्तियों और अन्य स्थानों पर प्रचार सामग्री लगाने की अनुमति किस विभाग से ली जानी चाहिए, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट होना जरूरी है।

शिक्षा के संग संस्कृति



डोंगरगढ़। शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को केवल पढ़ाना - लिखाना ही नहीं नहीं है। वह तमाम बातें जो बच्चों के भविष्य से जुड़ा है शिक्षा है। कापी, पुस्तक, ब्लैक बोर्ड के अलावा भयमुक्त , बस्ता मुक्त दुनिया उनके स्थानीय परिवेश में विद्यमान है। समग्र शिक्षा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 बच्चों को वातावरण परिवेश, भाषा, कला, संस्कृति से जोड़ने हेतु बल देता है। लोक सांस्कृतिक विरासत, ग्राम्य संस्कृति, परंपरागत जीवन शैली का मनमोहक चित्रण बच्चों की आत्मकथा से अलग नहीं हो सकते। इस उद्देश्य को लेकर विगत दिनों शासकीय प्राथमिक शाला छपारा, ढारा में लघु कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों ने छत्तीसगढ़ी कला, संस्कृति, परिधान के साथ आँचलिक लोक पर्व ईसर - गौरा झाँकी, सुआ नृत्य , राउत नृत्य विद्यालयीन स्तर पर प्रस्तुत कर जीवंतता का उदाहरण पेश किए। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक मदन लाल मंडावी, शिक्षक लोकनाथ कंवर, उगेश धुर्वे उपस्थित रहे।

प्रशासन के नाक के नीचे गली-गली में बिक रहा है पटाखा

सुरक्षा को ताक पर रख गोदामों से हो रहा है पटाखा विक्रय

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर में विगत कई वर्षों से पटाखा व्यापार में कुछ लोग दोहरा मुनाफा ले रहे हैं और अन्य लायसेंसी पटाखा व्यापारी नगर पालिका द्वारा आबंटित स्थान पर कम मुनाफा में व्यापार करने को मजबूर हैं. यह समस्या प्रतिवर्ष उठाई जाती है लेकिन नगर पालिका और स्थानीय प्रशासन के द्वारा कोई कठोर कार्यवाही नहीं होने से यह सिस्टम बदस्तूर जारी है. पटाखा विक्रय के लिए वैध लायसेंसधारी छोटे दुकानदार शासन-प्रशासन के व्दारा तय स्थल पर ही फटाखा विक्रय करते हैं किन्तु डोंगरगांव शहर में कुछ रसूखदार प्रशासन के नाक के नीचे सुरक्षा को ताक में रखकर फटाखा गोदामों में खुलेआम चिल्हर ग्राहकों को पटाखा विक्रय कर रहे हैं. नगर के चौकी रोड स्थित रोड किनारे दुकान लगाकर थोक और चिल्हर में पटाखा बेच रहे हैं. प्रशासन की ओर से सख्त आदेश है कि रोड के किनारे या अन्य बाजार एरिया में पटाखा दुकान का संचालन नहीं किया जा सकता. इसके लिए बाकायदा जगह का आबंटन होता है और वहीं अस्थायी रूप से दुकान लगाने की अनुमति होती है, लेकिन डोंगरगांव नगर में प्रशासन की अनदेखी के चलते इनके हौसले बुलंद हैं. नगर पालिका कार्यवाही पर सवाल: पटाखा दुकानों के आबंटन के लिए नगर पालिका के द्वारा बाकायदा राशि जमा कराया जाता है और आबंटन का प्रोसेस किया जाता है. छोटे व्यापारियों के बड़े नियम और कायदों के साथ सशर्त दुकान लगाने की अनुमति मिलती है. वहीं थोक के नाम से चिल्हर में पटाखा बेचने वालों पर कोई कानूनी कार्यवाही नहीं की जाती. जिसका सीधा फायदा ये उठाते हैं और छोटे व्यापारियों को काफी नुकसान सहना पड़ता है है. अब देखना यह है कि इस वर्ष भी स्थानीय प्रशासन कोई कार्यवाही करती है या ?

गैर लाइंसेंस वाले पर कार्यवाही

नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में वैद्य और अवैध लाइसेंस धारी फटाका दुकानो की पुलिस विधिवत जांच की गई हैं, अवैध लाइसेंस धारी फटाका दुकानों की नियमानुसार जांच कर कार्यवाही की जाएगी,

आशीर्वाद रहटगांवकर
थाना प्रभारी

वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान : जन चौपाल में कांग्रेस ने उठाई मताधिकार की रक्षा की आवाज

जितेंद्र मुदलियार बोले- लोकतंत्र में जनता का वोट सबसे बड़ी ताकत, मताधिकार पर किसी भी तरह का हमला बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। वोट बचाओ-देश बचाओ अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी एवं दक्षिण ब्लाक कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में कैलाश नगर मंडल कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बुधवार को रामनगर में जन चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने मताधिकार की रक्षा तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद की। जन चौपाल को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी के



अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का वोट है। इसी वोट के आधार पर सरकारें बनती हैं और सत्ता का भविष्य तय होता है। यदि मतदाता के इसी अधिकार के साथ छेड़छाड़ होती है तो यह केवल किसी राजनीतिक दल का नुकसान नहीं, बल्कि लोकतंत्र की बुनियाद पर हमला है। कांग्रेस इस अधिकार की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे केवल राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित न रहें, बल्कि घर-घर पहुंचकर लोगों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करें। मतदाता सूची की जांच कराएं और किसी भी तरह की गड़बड़ी सामने आने पर संगठित होकर आवाज उठाएं। मुदलियार ने कहा कि वोट बचाना केवल कांग्रेस का राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का अभियान है। जब मतदाता का अधिकार सुरक्षित रहेगा, तभी लोकतंत्र मजबूत रहेगा। कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान को जन आंदोलन बनाने के संकल्प के साथ मैदान में उतरे। उन्?होंने बताया? कि आने वाले दिनों में अन्?य मंडलों में भी चौपाल के आयोजन किए जाएंगे। जन चौपाल में लक्ष्मण साहू ने अभियान के उद्देश्यों और संगठन की भूमिका पर विचार रखे। राजेश चौहान ने कैलाश नगर मंडल में अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी की अपील की। उपस्थित पदाधिकारियों ने मतदाताओं को जागरूक करने और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर जनसंपर्क करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष रमेश राठौर , कुलबीर सिंह छाबड़ा , राकेश जोशी ,अम्मी हुड्डा , अशोक पंजवानी , सूर्यकांत जैन , मामराज अग्रवाल , झमन देवांगन , लक्ष्मण साहू , चेतन भानुशाली , चंद्र शेखर वैष्णव , राजेश चौहान , अंकेश बाफ्ना , शकील रिजवी, भारत सोनी , डॉ राकेश कुमार , बंटी यादव , विशु अजमानी , जय जयसवाल , गोलू नायक , निहाल खान , शाहीन कुरैशी सहित बड़ी संख?या में कांग्रेसीजन उपस्थित थे।

मदद करो किंतु उसे प्रकट मत करो -समयप्रभ जी



राजनांदगांव । मदद करो किंतु उसे कभी भी प्रकट मत करो। भाई दूज का अवसर है,भाई सक्षम है और बहन असक्षम है तो भाई को बहन की मदद करनी चाहिए। इसी तरह बहन यदि सक्षम है और भाई कमजोर है तो बहन को भाई की मदद करनी चाहिए। वैसे भी कोई यदि सक्षम है तो उसे कमजोर की सहायता अवश्य करनी चाहिए। उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य समयप्रभ सागर जी ने व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने बताया कि ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन की कड़ी में आज मुनि श्री समयप्रभ सागर जी ने कहा कि जहां आत्मीयता होती है, वहां कोई छोटा या बड़ा नहीं होता। जिससे आत्मीयता हो उसपर विश्वास भी होना चाहिए। बहन, भाई का सहयोग करें या भाई,बहन का सहयोग करें उसे कभी प्रकट न करें। स्नेह में इतनी शक्ति होती है कि व्यक्ति को दूरी का एहसास ही नहीं होता। उन्होंने कहा कि अपने परिवार के बीच में बैठो तो धंधे की कोई बात मत करो बल्कि एक दूसरे से जीवन की अनुभूति के बारे में पूछो। मुनि श्री समयप्रभ सागर जी ने कहा कि संयुक्त परिवार के महत्व को समझो और यदि संयुक्त परिवार में हो तो कम से कम सप्ताह में एक बार पूरा परिवार साथ में बैठो और एक-दूसरे से अपनी अनुभूति को साझा करो। जब लोग एक-दूसरे से अपनी अनुमति साझा करेंगे तब आपको और सभी को आत्मीयता की अनुभूति होगी। यह एहसास बहुत सुखद होता है। पता नहीं स्वर्ग में स्थान मिले या ना मिले किंतु पृथ्वी का स्वर्ग आपको अवश्य मिलेगा। जितनी आप आदमी का बांटते रहो उतनी ही आपको खुशी मिलती रहेगी। इसलिए कमजोरों की मदद करो और आत्मीयता बनाए रखो।

ग्राम कोदवाबानी में धूमधाम से निकाली गई गौरा-गौरी यात्रा, सुआ नृत्य और पारंपरिक उल्लास से सजी शोभायात्रा



कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)। प्रतिवर्षानुसार पारंपरिक और सांस्कृतिक उल्लास के साथ गौरा-गौरी पर्व गाजे बाजे फौज फ्टाके के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं और भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ गौरा-गौरी की आरती उतारी और जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान जहाँ एक ओर युवाओं ने पारंपरिक खेल हाथ-पैर को गोजे शांट मारकर खेलने का भरपूर आनंद लिया, वहीं दूसरी ओर युवतियों और महिलाओं ने बड़ी संख्या में सुआ नृत्य की धुनों पर थिरकते हुए अपनी लोक संस्कृति का अनूठा रंग बिखेरा। पारंपरिक गीतों और जयकारों से पूरा ग्रामीण परिवेश गूँज उठा, जिससे पर्व का यह आयोजन बेहद खास बन गया।

जिला क्रिकेट संघ का गठन, दिलीप वर्मा अध्यक्ष और अनिल मानिकपुरी सचिव निर्वाचित

खेल मैदान के मरम्मत-संधारण एवं ड्यूज बॉल क्रिकेट स्पर्धा के आयोजन की तैयारियों पर हुई चर्चा



अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)। नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में स्थानीय क्रिकेट खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने तथा जिले में क्रिकेट की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला क्रिकेट संघ का गठन किया गया है। नवगठित जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा तथा सचिव पद पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी निर्वाचित हुए हैं।

जिला क्रिकेट संघ के गठन को लेकर मंगलवार दोपहर लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों, क्रिकेट से जुड़ी संस्थाओं एवं समितियों के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। लगभग एक घंटे तक चली इस बैठक में जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसमें अध्यक्ष दिलीप वर्मा, उपाध्यक्ष धनंजय पांडे एवं राजू टांडिया, सचिव अनिल मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष सैयद अजहरूद्दीन, सहसचिव दिलीप कुंभकार तथा संयुक्त सचिव आशीष द्विवेदी चुने गए। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में श्यामलाल साहू, जयंत साहू, विमल यादव, विकास मानिकपुरी, प्रज्ञारत्न गोडबोले, देवनारायण कुंभकार एवं वैभव रंगारे को शामिल किया गया। संरक्षक के रूप में कन्हैया सिंह ठाकुर एवं अजय पांडेय का चयन किया गया।

दिसंबर में होगी ड्यूज बॉल क्रिकेट स्पर्धा

जिला क्रिकेट संघ के गठन के बाद अंबागढ़ चौकी नगर में पिछले तीन दशकों से आयोजित हो रही ड्यूज बॉल क्रिकेट स्पर्धा के आयोजन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। संघ ने निर्णय लिया कि इस वर्ष प्रतियोगिता का आयोजन जिला क्रिकेट संघ के बैनर तले दिसंबर माह में शीतकालीन अवकाश के दौरान किया जाएगा। बैठक में प्रतियोगिता में पड़ोसी राज्यों की टीमों को आमंत्रित करने, मैदान की तैयारी, पुरस्कारों की व्यवस्था तथा आयोजन से जुड़े अन्य खर्चों को लेकर भी चर्चा हुई।

छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ से संबद्धता के लिए नियमित आयोजन पर जोर

जिला क्रिकेट संघ के गठन के पश्चात जिले में क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने तथा खेल मैदान को क्रिकेट के अनुकूल विकसित करने के विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संघ के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ से संबद्धता प्राप्त करने की दिशा में नियमित गतिविधियां संचालित करने पर जोर दिया। इसके लिए जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों में विभिन्न वर्गों के लिए निरंतर क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आयोजन करने तथा खिलाड़ियों को उचित मार्गदर्शन देने के लिए कोचिंग कैंप आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही जिले में क्रिकेट से संबंधित सभी आयोजनों एवं प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ और डीसीए राजनांदगांव के पदाधिकारियों को आमंत्रित करने पर भी सहमति बनी।

खेल मैदान के मरम्मत-संधारण के लिए शासन से करेंगे मांग

अंबागढ़ चौकी नगर के एकमात्र खेल मैदान में विभिन्न खेल गतिविधियों के संचालन तथा प्रतियोगिताओं के अनुरूप मैदान तैयार करने में आ रही समस्याओं पर भी चर्चा की गई। जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने खेल मैदान के मरम्मत एवं संधारण के साथ ही क्रिकेट के अनुकूल मैदान विकसित करने के लिए शासन से अनुदान की मांग करने का निर्णय लिया। इसके लिए जिला प्रशासन के अलावा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के भारसाधक मंत्री तथा प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव से भी आवश्यक अनुदान एवं सहयोग प्राप्त करने के लिए पहल की जाएगी।

दीपावली के पावन पर्व पर राजनांदगांव पुलिस ने बाल आश्रय एवं वृद्धाश्रम पहुंचकर खुशियों के पल किए साझा



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। दीपावली केवल दीप जलाने और उत्सव मनाने का पर्व नहीं, बल्कि खुशियां बांटने, अपनों के साथ समय बिताने तथा समाज में प्रेम, अपनत्व और मानवीय संवेदनाओं को मजबूत करने का भी अवसर है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए दीपावली के पावन अवसर पर राजनांदगांव पुलिस के अधिकारियों द्वारा बाल आश्रय एवं वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां निवासरत बच्चों एवं बुजुर्गों से आत्मीय भेंट-मुलाकात की गई। इस अवसर पर, समस्त राजनंदगांव पुलिस की तरफ़से एसएसपी आदित्य कुमार आईपीएस, डीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी, डीएसपी केके वाजपेयी, आर आई लोकेश कुमार, इंस्पेक्टर उपेंद्र शाह, इंस्पेक्टर कैलाश मराई मौजूद रहे ।

स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी से लेकर शराबखोरी, अवैध शराब बिक्री एवं जुआरियों पर सख्त कार्यवाही



क़बीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा अवैधानिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, अवैध रूप से शराब बिक्री करने, शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने तथा जुआ खेलने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही के तहत थाना भोरमदेव पुलिस द्वारा दो स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। वहीं थाना पिपरिया एवं थाना पांडातराई पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कुल 06 प्रकरणों में कार्यवाही करते हुए 15 व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई।

भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस मनाया



डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। 7 नवंबर को भारत स्काउट्स/ गाइड्स स्थापना दिवस शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगांव में शाला के समस्त स्काउट एवं स्काउट मास्टर की उपस्थिति में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्काउट के जनक लार्ड वेडेन पावेल के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर, स्काउट प्रार्थना के साथ हुआ इस अवसर पर स्काउट मास्टर टोमन पटेल के द्वारा अपने उद्बोधन में स्काउट के नियम प्रतिज्ञा की जानकारी देते हुए एक आदर्श नागरिक कैसे बने, इसके साथ साथ देश सेवा, मानव सेवा,समाज सेवा, दूसरों की सहायत करना, सरकारी संपत्ति को नुकसान न करते हुए प्रकृति प्रेमी बनने पर बल देते हुए स्काउट के अपने कर्तव्यों को अपने दैनिक जीवन अमल करने की सलाह दिया गया। इस अवसर पर शाला समस्त स्काउट एवं स्काउट मास्टर को संस्था के प्राचार्य उमा हरिवंश एवं भारत स्काउट गाइड्स विकास खंड अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता के द्वारा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।

मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा पर 19 तीर्थयात्री रवाना, माता वैष्णो देवी और स्वर्ण मंदिर के करेंगे दर्शन

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)। मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के अंतर्गत नवीन जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के 19 तीर्थयात्री मंगलवार को माता वैष्णो देवी, स्वर्ण मंदिर एवं वाघा बॉर्डर के दर्शन और भ्रमण के लिए रवाना हुए। मंगलवार सुबह नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने तीर्थयात्रियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष शंकर तिवारी, जनपद पंचायत सभापति पवन तुलावी सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित थे। जानकारी के अनुसार जिले के सभी 19 तीर्थयात्री 10 से 16 नवंबर तक मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी के दर्शन करेंगे। इसके साथ ही अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर में मत्था टेकेंगे तथा वाघा बॉर्डर का भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने सभी तीर्थयात्रियों को मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने यात्रा के लिए चयनित होने पर सभी को बधाई देते हुए मंगलमय एवं सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रायपुर निवास में आयोजित गोवर्धन पूजा में शामिल हुए खुज्जी विधायक भोलाराम साहू



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स) । गोवर्धन पूजा के पावन अवसर पर खुज्जी विधायक भोलाराम साहू पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के रायपुर स्थित निवास में आयोजित गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भूपेश बघेल के साथ पर्व की खुशियां साझा कीं तथा विधि-विधान से गोवर्धन भगवान की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि गोवर्धन पूजा छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, परंपरा और ग्रामीण जीवन से गहराई से जुड़ा पर्व है। यह पर्व प्रकृति, पशुधन और कृषि संस्कृति के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता का संदेश देता है। ऐसे पारंपरिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ ही समाज में आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव को भी मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान आत्मीय एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी ने एक-दूसरे को गोवर्धन पूजा की शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री की पाती पाकर भावुक हुई रूखमणी साहू



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की ओर से प्राप्त आत्मीय पत्र ने रूखमणी साहू के जीवन में खुशी, सम्मान और नई ऊर्जा का संचार किया है। मुख्यमंत्री की पाती पाकर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम सुकुलदैहान की लखपति दीदी रूखमणी साहू भावुक हो उठीं। उनके लिए यह केवल एक पत्र नहीं, बल्कि उनके संघर्ष, परिश्रम, परिवार के योगदान और आगे बढ़ने के संकल्प को मिला एक आत्मीय सम्मान है। मुख्यमंत्री के स्नेहपूर्ण शब्दों ने उनके आत्मविश्वास को नई मजबूती दी है और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का हौसला बढ़ाया है। रूखमणी साहू ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि आज उन्हें अपने भैया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पाती प्राप्त हुई है, जिसे पाकर वे अत्यंत आनंदित और उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के इस आत्मीय पत्र ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए नया साहस, संबल और प्रेरणा प्रदान की है। यह उनके लिए गर्व और भावनात्मक अनुभूति का क्षण है। शासन की योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उनके प्रयासों को सम्मान और प्रोत्साहन मिलना अत्यंत सुखद है। रूखमणी साहू ने विशेष रूप से अपने पति के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके पति एक भूतपूर्व सैनिक हैं, जिन्होंने देश की सेवा करने के पश्चात अपनी कर्मभूमि से जन्मभूमि लौटकर परिवार की जिम्मेदारियों के साथ उनके कार्यों में भी सहयोग प्रदान किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा उनके पति की देशसेवा और सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करना उनके पूरे परिवार के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा उनकी दोनों बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करना और माता-पिता के प्रति सम्मान व्यक्त करना उनके हृदय को छू गया। यह आत्मीयता उनके परिवार के लिए अविस्मरणीय है। रूखमणी साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाओं को आगे बढ़ने के नए अवसर मिल रहे हैं। बिहान परियोजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और समाज में नई पहचान स्थापित करने की प्रेरणा दे रही है। उन्होंने कहा कि शासन के प्रयासों से उनके जैसी अनेक महिलाएं अपने सपनों को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं और दूसरी महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बन रही हैं।

तहसील साहू संघ कुमरदा का दीपावली मिलन समारोह एवं परिवार संस्कार कार्यशाला 14 नवंबर को

कुमरदा। तहसील साहू संघ कुमरदा के तत्वावधान में दीपावली मिलन समारोह एवं परिवार संस्कार कार्यशाला का आयोजन 14 नवंबर 2026, शनिवार को दोपहर 12 बजे ग्राम आमगांव में किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के लोगों के बीच आपसी एकता, भाईचारा, सामाजिक समरसता और पारिवारिक संस्कारों को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा।

मवेशी व्यापारियों को बंधक बनाकर मारपीट, लूटपाट एवं फिरौती वसूलने वाले 04 आरोपी गिरफ्तार



क़बीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना भोरमदेव पुलिस द्वारा मवेशी व्यापारियों को बंधक बनाकर मारपीट एवं लूटपाट करने तथा जबरन बैंक खाते में फिरौती की रकम ट्रांसफर कराने के मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

मामले का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 02.11.2026 को ग्राम रौचन निवासी प्रार्थी कुलेश्वर विश्वकर्मा अपने साथी गुनु धुर्वे एवं शिव प्रसाद के साथ खरीदे हुए 09 नग मवेशियों को बिक्री के लिए ग्राम सारसडोल, थाना मलाजखंड, जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश) ले जा रहे थे। रात्रि लगभग 09 बजे चढ़चौड़ा जंगल के ढलान के पास मवेशियों सहित विश्राम के दौरान ग्राम केसदा निवासी कामू बैगा अपने अन्य साथियों के साथ वहां पहुंचा और तीनों व्यापारियों के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों ने प्रार्थी कुलेश्वर विश्वकर्मा के पास से 10 हजार रुपये एवं मोबाइल फोन, उसके साथी शिव प्रसाद के पास से 40 हजार रुपये एवं मोबाइल फोन तथा गुनु धुर्वे के पास से 20 हजार रुपये नगद जबरन लूट लिए। इसके बाद आरोपियों ने तीनों व्यापारियों को अपने कब्जे में लेकर ग्राम केसदा की ओर ले जाकर पांच लाख रुपये की फिरौती की मांग की। बातचीत के बाद आरोपियों ने अपने बताए बैंक खाते में अलग-अलग किश्तों में कुल 90 हजार रुपये जबरन ट्रांसफर कराए। फिरौती की रकम प्राप्त होने के बाद आरोपियों ने तीनों व्यापारियों को उनके मवेशियों सहित छोड़ दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर दिनांक 08.11.2026 को थाना भोरमदेव में अपराध क्रमांक 59/2026, धारा 309(6), 140(3), 119(1), 296, 351(3), 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना भोरमदेव पुलिस द्वारा तत्काल आरोपियों की पतासाजी एवं साक्ष्य संकलन की कार्यवाही प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने प्रार्थी एवं उसके साथियों के कथन दर्ज कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान एवं पतासाजी की। संदेहियों को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर घटना में उनकी संलिप्तता सामने आई।

निधन



किरण जैन

डोंगरगांव। धर्मनिष्ठ, व्यवहार कुशल एवं मिलनसार व्यक्तित्व की धनी किरण जैन (46 वर्ष), धर्मपत्नी दीपेश जैन का 9 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा सदर लाइन स्थित हनुमान मंदिर के समीप निवास से निकाली गई। स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में परिजनों, सामाजिक बंधुओं सहित बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। अंतिम संस्कार के पश्चात आयोजित शोकसभा में स्वर्गीय किरण जैन के मृदु व्यवहार, मिलनसारिता और धर्म के प्रति उनकी गहरी आस्था को याद किया गया। वे अपने पीछे पति दीपेश जैन, पुत्री स्नेहल जैन, पुत्र समन्वय जैन एवं पुत्री संस्कृति जैन सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन से परिवार, परिचितों और सामाजिकजनों में गहरा शोक व्याप्त है।

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग

समान्य वनमंडल खैरागढ़

सर्व सुचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि समान्य वनमंडल खैरागढ़ अंतर्गत अंतिम रूप से शासन के पक्ष में राजसात हो चुके वाहन सुजुकी मोटर सायकल CG08ZE9748, CG08ZD0691 बोलेरो पिकप CG08AN3968 टाटा डीआई 207 CG07CA0921 ट्रेक्टर मुंडी एवं ट्रेक्टर ट्राली CG08C9034 एवं CG08C9035 उक्त वाहनो को निवर्तन किया जाना है अतएव उक्त वाहनो के संबंधत मे कोई वाद (न्यायलयीन कार्यवाही) अथवा दावा आपत्ति किसी को हो तो सुसंगत दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति सहित वनमंडल कार्यालय खैरागढ़ मे दिनांक 23.11.2026 तक प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित समय सीमा के अपरांत प्रस्तुत आवेदन दावा आपत्ति स्वीकार्य नही होगी।

वनमंडल अधिकारी
खैरागढ़ वनमण्डल खैरागढ़

जी-04460

ज्ञान मंथन

1) टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे अधिक कैच लपकने का विश्व रिकॉर्ड किस खिलाड़ी के नाम हुआ है?
2) खावड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क किस राज्य में स्थित है?
3) राष्ट्र को समर्पित किया गया सुधा गोपाल कृष्णन ब्रेस्ट सेंटर किस संस्थान में स्थित है?
4) समुद्री खोज और बचाव कार्यों को मजबूत करने के लिए, 30 मित्र देशों के 32 पर्यवेक्षकों के साथ भारतीय तटरक्षक बल ने कौन-सा अभ्यास आयोजित किया?
5) प्रसिद्ध अभिनेत्री मधु कांबीकर का निधन हो गया। वह किस क्षेत्रीय सिनेमा और रंगमंच से जुड़ी थीं?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)



उत्तर माला

(1) स्टीव स्मिथ (2) गुजरात (3) आईआईटी मद्रास (4) सारेक्स-2026 (5) मराठी सिनेमा

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अन्नकूट महोत्सव में हजारों भक्तों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

अलौकिक श्रृंगार दर्शन के साथ भक्ति में डूबा वातावरण, सेवा में जुटे रहे स्वयंसेवक







राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित अन्नकूट महामहोत्सव में हजारों भक्तों ने भगवान श्री सत्यनारायण के अलौकिक श्रृंगार के दर्शन कर अन्नकूट महाप्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंदिर एवं धर्मशाला परिसर में भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। भगवान के जयघोष और भक्ति गीतों से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया कि अन्नकूट पर्व भगवान श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा किए जाने की पौराणिक घटना की स्मृति से जुड़ा है। जब इंद्र के प्रकोप से ब्रजवासी मूसलाधार बारिश से संकट में आ गए थे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठिका उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर सभी की रक्षा की थी। अन्नकूट महोत्सव इसी प्रसंग के माध्यम से प्रकृति और अन्न के प्रति कृतज्ञता का संदेश देता है।

अद्भुत और अलौकिक श्रृंगार के भक्तों ने किए दर्शन

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया, श्याम खंडेलवाल, राजेश अग्रवाल बालाजी एवं विजय खंडेलवाल ने बताया कि भगवान श्री सत्यनारायण का विशेष एवं अलौकिक श्रृंगार किया गया। वर्षों से निरंतर भगवान के दर्शन करने वाले भक्तों द्वारा महाआरती उतारी गई तथा भगवान को अन्नकूट का भोग अर्पित किया गया।

राधा-कृष्ण और गोवर्धननाथ का भव्य दरबार

श्री सत्यनारायण धर्मशाला में भगवान राधा-कृष्ण एवं गोवर्धननाथ जी का भव्य दरबार सजाया गया। अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर अनेक प्रकार की सब्जियों को मिलाकर तैयार की गई सब्जी, पूड़ी एवं बूंदी का भोग भगवान श्री सत्यनारायण को अर्पित किया गया। इसके पश्चात उपस्थित हजारों भक्तों को अन्नकूट महाप्रसाद वितरित किया गया।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के भवन व्यवस्था प्रभारी नीतीश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल एवं ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था व्यवस्थित रूप से की गई, जिससे बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने सहजता से प्रसाद ग्रहण किया।

सेवा भाव से जुटे रहे स्वयंसेवक

समिति के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य विष्णु लोहिया एवं अशोक लोहिया ने कहा कि अन्नकूट पर्व प्रकृति, अन्न, जल एवं गौ माता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का पर्व है। यह पर्व हमें प्रकृति के प्रति सम्मान और उसके संरक्षण को अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानने का संदेश देता है।

महाप्रसाद वितरण के दौरान समिति के स्वयंसेवक पूरे सेवाभाव के साथ जुटे रहे। धर्मशाला के मैनेजर आनंद वासनिक एवं गुलशन सिन्हा की भी व्यवस्था में विशेष भूमिका रही। स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरण से लेकर अन्य व्यवस्थाओं में सक्रिय सहभागिता निभाई। भक्तों ने स्वयंसेवकों की सेवाभावना की सराहना करते हुए महाप्रसाद ग्रहण किया। यह जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

मोटरसाइकिल पर गैंगबाजी करने वाले साथियों के साथ पूर्व में भी शामिल था आरोपी जयंत चन्द्राकर



कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना पिपरिया क्षेत्र में जातिसूचक अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर गाली-गलौज करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में पिपरिया पुलिस ने आरोपी जयंत चन्द्राकर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। आरोपी पूर्व में मोटरसाइकिल पर गैंगबाजी एवं हुड़दंग करने वाले अपने साथियों के साथ भी शामिल रहा है, जिनके विरुद्ध पिपरिया पुलिस द्वारा पूर्व में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जा चुकी है।

प्रकरण के अनुसार, दिनांक- 27.10.2026 को प्रार्थी नितेश ध्रुव पिता नीलमणी ध्रुव, उम्र 23 वर्ष, निवासी कृतबांधा ने थाना पिपरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि संजय चन्द्राकर एवं मिठलू चन्द्राकर द्वारा उसके साथ गाली-गलौज एवं मारपीट कर दांत से काटकर चोट पहुंचाई गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।


उक्त घटना के बाद जब प्रार्थी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने जा रहा था, उसी दौरान आरोपी जयंत चन्द्राकर ने भी उसे जातिसूचक अपमानजनक शब्द कहकर अश्लील गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी।

रात्रि में घर के अंदर घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पंडरिया पुलिस की त्वरित कार्यवाही



कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। थाना पंडरिया क्षेत्र में रात्रि के समय घर के अंदर घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए 01आरोपी भोलाराम निषाद, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम देवपुरा, थाना पंडरिया, जिला कबीरधाम को गिरफ्तार किया गया है। कबीरधाम जिला के थाना पंडरिया क्षेत्र में दिनांक- 09.11.2026 की रात्रि में पीड़िता अपने घर में बच्चों के साथ सो रही थी।

इसी दौरान आरोपी भोलाराम निषाद कथित रूप से घर के अंदर प्रवेश कर पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने लगा। पीड़िता के जागने एवं विरोध करने पर आरोपी मौके से भाग गया। घटना के संबंध में पीड़िता द्वारा थाना पंडरिया में लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना पंडरिया में अपराध क्रमांक- 235/2026, धारा 333, 74 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पंडरिया पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही प्रारंभ की गई। पीड़िता का महिला अधिकारी द्वारा कथन लिया गया तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही किया गया। विवेचना के दौरान आरोपी भोलाराम निषाद को दिनांक- 10.11.2026 को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है।



राजनांदगांव। शंकरपुर में तालाब के किनारे बने सांस्कृतिक मंच में आज मां महाकाली, भैरव बाबा के साथ विराजमान की गई। यहां इक्यावन ज्योति कलश श्रद्धालुओं द्वारा प्रज्जवलित किए गए हैं। माता व जयोति कलश का? विसर्जन 13 नवम्बर को प्रात: 11 बजे से किया जायेगा।

मारपीट और लूटपाट के चार आरोपी गिरफ्तार, लूटा गया मोबाइल, 5500 रुपये नकद और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त



डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। थाना डोंगरगांव पुलिस ने ग्राम गिरगांव स्थित सूखनाला के पास मारपीट और लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को चंद घंटों में गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया वीवो मोबाइल, 5500 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार, 9 नवंबर को आरोपियों ने एकराय होकर मोटरसाइकिल सवार ओमकार सेवता और उसके साथियों का रास्ता रोककर गाली-गलौज की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए लात-घूंसे और पत्थर से मारपीट की। इस दौरान प्रार्थी से 5 हजार रुपये और मोबाइल तथा उसके साथी भूपेन्द्र सेवता से मोबाइल और 500 रुपये लूट लिए गए। बीच-बचाव करने पहुंचे अन्य लोगों के साथ भी मारपीट की गई।

शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। थाना स्टाफ ने रातभर आरोपियों की तलाश की और सुबह करीब 3 बजे चारों को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में उमेश कुमार निषाद उर्फविक्की (24), ओमकार कंवर उर्फ सरवन (22), भूपेन्द्र कुमार चंद्रवंशी (23), तीनों निवासी ग्राम गनेरी तथा भानुप्रताप सिंह कुंजाम (22), निवासी गुंगरी नवागांव शामिल हैं। आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 126, 296, 115(2), 351(2), 3(5) और 309(6) के तहत कार्रवाई की गई है। उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार, मामले में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

अज्ञात की मौत...



राजनांदगांव। कल सुबह 11 बजे पाताल भैरवी मन्दिर रोड के पास से एक बुजुर्ग व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 65 वर्ष के आसपास बताई जा रही है, बीमारी की हालत में बसंतपुर पुलिस द्वारा उठाकर शासकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भर्ती करवाया, जिसकी आज सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। उक्त व्यक्ति अपनी पहचान नही बता पाया। मृत अज्ञात व्यक्ति के शव को शासकीय मेडिकल कॉलेज के मरचुरी में रखा गया है। यदि कोई पहचान पाए तो कमलेश सिमनकर (हाहाकारी) 9893942717 नम्बर पर सम्पर्क करें।

एबीस प्लांट में तोड़फोड़ मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

17 अक्टूबर को कर्मचारी की मौत के बाद प्लांट में हुई थी तोड़फोड़, पुलिस की कार्रवाई जारी

डोंगरगांव। राजनांदगांव-चौकी मार्ग पर अमलीडीह स्थित एबीस समूह की ड्रोल्स पेट फूड्स प्राइवेट लिमिटेड इकाई में हुई तोड़फोड़ के मामले में डोंगरगांव पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में अपराध क्रमांक 325/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 126(2), 191(3), 296, 303(2), 305, 324(5), 332(ग) एवं 351(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में विजय कुमार पिता नंदन दास साहू (26 वर्ष), निवासी मेढ़ा; टिकेश कुमार पिता पवन धनकर (28 वर्ष), निवासी अर्जुनी; गजेंद्र कुमार पिता नरेंद्र साहू (24 वर्ष), निवासी मेढ़ा-सिंगारपुर; राजू कुमार पिता हीरा दास (38 वर्ष), निवासी धौराभाठा तथा राकेश कुमार पिता राजकुमार साहू (32 वर्ष), निवासी रातापायली शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 17 अक्टूबर की रात प्लांट परिसर में इलेक्ट्रिक पिकअप की चपेट में आने से कंपनी के कर्मचारी ललित ठाकुर की मौत हो गई थी। घटना के बाद मृतक के परिजनों और मजदूरों ने आर्थिक सहायता सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन और चक्काजाम किया था।

चित्रकला स्पर्धा में जयंत कार्तिक कालेश्वर ने हासिल किया द्वितीय स्थान



राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। वक्रतुंड मित्र मंडल एवं दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केंद्र के संयुक्त प्रयास से ओसवाल लाइन में आयोजित चित्रकला स्पर्धा में जयंत कार्तिक कालेश्वर ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनकी उत्कृष्ट चित्रकला एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति के लिए उन्हें प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्पर्धा में शहर के प्रतिभाशाली कलाकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने रंगों की बारीकियों, कल्पनाशीलता और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से अपनी कला को कैनवास पर उकेरा।

जयंत ने माता दुर्गा की सुंदर पेंटिंग बनाकर निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया और द्वितीय स्थान हासिल किया।जयंत की इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उनकी सफलता से परिवार एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित हुआ है।

आयोजकों ने बताया कि दीपोत्सव के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम कला के प्रति बच्चों एवं युवाओं में रुचि बढ़ाने तथा उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करने की दिशा में प्रेरणादायी पहल रही।

धर्म समाचार....

छठ पूजा में प्रसाद के लिए मिट्टी का नया चूल्हा ही क्यों? इस परंपरा में छिपा है गहरा राज



लोकआस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ का विशेष महत्व है। इस पर्व को 4 दिनों तक बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह व्रत निर्जला किया जाता है और इसमें छठी मैया के साथ सूर्य देव की पूजा-अर्चना करने का विधान है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, छठ पूजा करने से संतान को लंबी आयु का आशीर्वाद प्राप्त होता है और शुभ परिणाम मिलते हैं।

महापर्व छठ की शुरुआत नहाय-खाय के साथ होती है। वहीं, इसका समापन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के बाद होता है। छठ पूजा का प्रसाद मिट्टी के नए चूल्हे पर बनाया जाता है। इस दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। यह जानकर आपके मन में सवाल आ रहा होगा कि आखिर पूजा का प्रसाद मिट्टी के नए चूल्हे पर ही क्यों बनाया जाता है? क्या आप इसके पीछे के रहस्य के बारे में जानते हैं? अगर नहीं, तो आइए इस आर्टिकल में आपको इसके बारे में विस्तार से बताते हैं।

छठ पूजा का प्रसाद बनाते समय सफाई और पवित्रता का विशेष ध्यान रखा जाता है। पूजा का प्रसाद मिट्टी के नए चूल्हे पर ही बनाया जाता है। इसके पीछे की वजह यह है कि घरों की रसोई में इस्तेमाल होने वाले नियमित गैस चूल्हे पर रोजाना लहसुन-प्याज और अन्य भोजन भी पकाया जाता है, जिसकी वजह से रोज इस्तेमाल किया जाने वाला चूल्हा जूठा और अपवित्र माना जाता है। छठ का प्रसाद अधिक पवित्र होता है। इसी वजह से छठ पूजा का प्रसाद बनाने के लिए मिट्टी के नए चूल्हे का ही इस्तेमाल किया जाता है।

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि छठ पूजा का प्रसाद बनाने के लिए नए बर्तनों का भी प्रयोग किया जाता है। नया चूल्हा और नए बर्तन इसलिए इस्तेमाल किए जाते हैं, क्योंकि इस प्रसाद का छठी मैया और सूर्य देव को भोग लगाया जाता है।

छठ पूजा का प्रसाद बनाते समय ध्यान रखें ये बातें

सबसे पहले इस बात का विशेष ध्यान रखें कि प्रसाद बनाते समय उस जगह पर गंदगी न हो।

स्नान करने और साफकपड़े धारण करने के बाद ही प्रसाद बनाना चाहिए।

प्रसाद पकाने के लिए मिट्टी के नए चूल्हे और आम की लकड़ी का ही उपयोग करें।

इस दौरान किसी के बारे में गलत न सोचें और किसी से वाद-विवाद न करें।

तुलसी चौरा पर क्यों बनाया जाता है गन्ने का मंडप? वजह जानकर रह जाएंगे हैरान



हिंदू धर्म में देवउठनी एकादशी का विशेष महत्व है। इस व्रत को कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, देवउठनी एकादशी के दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु चार महीने की योगनिद्रा से जागते हैं। इसी के साथ चातुर्मास का समापन होता है।

चातुर्मास समाप्त होने पर विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाती है। कुछ जगहों पर देवउठनी एकादशी के दिन तुलसी विवाह किया जाता है, वहीं कुछ जगहों पर अगले दिन इसका आयोजन होता है। इस अवसर पर तुलसी चौरा को सजाकर उसके चारों ओर गन्ने के डंठलों से एक सुंदर मंडप बनाने का विशेष महत्व है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि तुलसी विवाह के दिन तुलसी चौरा पर गन्ने का मंडप क्यों बनाया जाता है? अगर नहीं, तो आइए इस आर्टिकल में हम आपको इसके बारे में विस्तार से बताते हैं।

तुलसी चौरा के पास गन्ने का मंडप बनाने की परंपरा

तुलसी चौरा के पास गन्ने का मंडप बनाने की परंपरा का विशेष महत्व है। तुलसी के पौधे को धन की देवी मां लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है। तुलसी विवाह के दिन तुलसी चौरा पर दीपक जलाकर पूजा-अर्चना करने का विधान है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, तुलसी पूजन करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह के दिन तुलसी के पौधे के पास गन्ने से सुंदर मंडप बनाया जाता है। इस मंडप को बनाने की मुख्य परंपरा तुलसी विवाह से जुड़ी हुई है। जिस तरह शादियों में मंडप बनाया जाता है, उसी तरह देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह के दिन माता तुलसी और भगवान शालिग्राम के विवाह के लिए भी गन्ने के चार डंठलों से मंडप तैयार किया जाता है।

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, ग्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

प्रधानमंत्री ना बनना त्याग नहीं संवैधानिक मजबूरी - अशोक चौधरी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राजनंदगांव भाजपा नेता अशोक चौधरी ने सोनिया गांधी जी ने अपनी आत्मकथा में 2004 में प्रधानमंत्री नहीं बनने के कारण गिनाए हैं, जिसमें उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी एवं प्रियंका-गांधी वाड्रा नहीं चाहते थे कि वह प्रधानमंत्री बने क्योंकि इंदिरा गांधी एवं उनके पिताजी राजीव गांधी की निर्मम हत्या से आशंकित थे कि कहीं माताजी प्रधानमंत्री बनी तो उनकी भी हत्या ना हो जाए और वह अपनी मां को खोना नहीं चाहते थे। यह बात मानने योग्य है लेकिन यह पूर्ण सत्य नहीं है सोनिया गांधी भारत के संविधान में लिखे गए उस नियम के कारण प्रधानमंत्री नहीं बन सकती थी जिसमें यह लिखा गया है कि जो विदेश में पैदा हुए व्यक्ति इस शर्त पर भारत में प्रधानमंत्री बन सकते हैं जिनमें मूल देश में भारत में पैदा हुआ व्यक्ति प्रधानमंत्री बनने की पात्रता रखता हो। ज्ञात हो कि सोनिया गांधी इटली में पैदा हुई है और इटली के संविधान में भारत में पैदा हुए व्यक्ति को इटली में प्रधानमंत्री बनने की पात्रता नहीं है। सोनिया गांधी और कांग्रेस के लोगों ने सोनिया गांधी को त्याग का मूर्ति बताने का पूरा प्रयास किया लेकिन संविधान की बात भारतवासियों को नहीं बताया। चूंकि पहले कभी ऐसी स्थिति नहीं बनी थी इसलिए भारतवासियों को पता नहीं है उसको छुपा लिया गया कि सोनिया गांधी भारत में कभी भी प्रधानमंत्री नहीं बन सकती यह संवैधानिक बाध्यता है। सोनिया गांधी की आत्मकथा मे गांधी ने पुन: अपने आप को त्याग की मूर्ति बताने का प्रयास किया है। यदि प्रधानमंत्री बनने पर मां की हत्या हो सकती है ऐसा मानने वाले राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनने के लिए इतने व्याकुल क्यों हैं यदि सोनिया गांधी की हत्या हो सकती है तो राहुल गांधी की भी हत्या हो सकती है।इसलिए सोनिया गांधी जी प्रधानमंत्री नहीं बनकर कोई त्याग नहीं किया मजबूरी में यह निर्णय लिया गया और देश को मनमोहन सिंह के रूप में प्रधानमंत्री मिला।



महापौर एवं आयुक्त संयुक्त निरीक्षण कर छठ पर्व के पूर्व शहर में तथा तालाबों के आस पास साफसफाई व विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के दिये निर्देश

मोहारा मेला स्थल निरीक्षण कर महापौर ने आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छठ पर्व एवं मोहारा मेला को ध्यान में रखते हुये महापौर मधुसूदन यादव व निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम ने शहर में साफ सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने, के साथ साथ मोती तालाब व चिखली तालाब के अलावा अन्य तालाबों के आस पास साफ सफाई करने, दवा का छिडकाव करने, विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये। वही मोहारा मेला स्थल निरीक्षण के दौरान महापौर ने मेला स्थल में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। निरीक्षण के दौरान शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य आलोक श्रोती, पार्षद चन्द्रकृत साहू उपस्थित थे।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छठ पर्व के अवसर पर मोती तालाब एवं चिखली तालाब में तीन दिनो तक पूजा कर त्योहार मनाया जावेगा। छठ पर्व के पूर्व दोनो तालाबो में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने महापौर यादव एवं आयुक्त मरकाम ने आज मोती तालाब का निरीक्षण किया। महापौर यादव ने स्वास्थ्य एवं तकनीकि अधिकारी से कहा कि तालाब के किनारे सम्पूर्ण घाट की साफ सफाई करे, किनारे लगे कटिली झाडिया काट डस्टबिन रखे एवं दवाई का छिडकाव कर चुना लाईन डाले। उन्होंने आस पास पर्याप्त विद्युत व्यवस्था करने के अलावा तालाब मार्ग को दुरूस्त करने कहा। साथ ही तालाब में किनारे पूजन सामाग्री विसर्जित करने जाली लगावे ताकि तालाब में फूल पान न फैले।



आयुक्त ने कहा कि सभी कर्मचारी त्योहार तक नियमित रूप से मोती तालाब एवं चिखली तालाब के किनारे सफाई करना सुनिश्चित करेगे। तालाब के पास लगे लाईटे भी प्रतिदिन जले इसका भी विशेष ध्यान रख जाए। इसके अलावा त्योहार में शहर में भी साफ सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण की कडी में मोहारा मेला स्थल का भी जायजा लिया गया। इस अवसर पर महापौर यादव ने मेला स्थल में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नदी किनारे पचरी का गाद निकाल सफाई करे, साथ ही सम्पूर्ण मेला स्थल की सफाई कर कटीली झाडिया काट मैदान समतल करने निर्देशित किए। इसी प्रकार नदी के मोहारा एंव हल्दी घाट की सफाई कर पुन्नी स्नान के दौरान महिलाओ के लिए अस्थाई चेजिंग रूम बनाने कहा। उन्होंने शौचालय की आवश्यक मरम्मत कर साफ सफाई करने तथा विद्युत व पेयजल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा।

आयुक्त मरकाम ने कहा कि पानी, बिजली, सफाई की समुचित व्यवस्था करने के साथ साथ मेला स्थल में नदी की ओर आवश्यक सुरक्षात्मक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा दुकान लगाने वालो के लिए पसरा लगाने ले आउट प्लान करे, जिससे सभी पसरा व्यवस्थित तरीके से लग सके। सुगम आवागमन के साथ साथ आपातकालीन वाहन के आने जाने में परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता (संविदा) यू.के.रामटेके, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, प्र.उप अभियंता चिरांग मेश्राम, स्वच्छता निरीक्षक दीपक वास्तव, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी आदि उपस्थित थे।

सन सिटी में दीया सजाओ एवं रंगोली प्रतियोगिता का भव्य आयोजन सपन्न

70 परिवारों ने बिखेरी अपनी कलात्मक प्रतिभा, रंग-बिरंगी रोशनी और मनमोहक रंगोलियों ने मोहा शहरवासियों का मन...

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहर की प्रतिष्ठित आवासीय सोसाइटी महावीर सन सिटी में दीपावली महापर्व के उपलक्ष्य में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीया सजाओ एवं रंगोली प्रतियोगिता के साथ लाइटिंग और गार्डनिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।

6 नवंबर धनतेरस की शुभ संध्या पर दीया सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई, वहीं 7 नवंबर रूप चौदस के अवसर पर भव्य रंगोली प्रतियोगिता के साथ घरों की आकर्षक लाइटिंग एवं गार्डनिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर लगभग 70 परिवारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों द्वारा सतरंगी रंगों से सजी एक से बढ़कर एक आकर्षक एवं मनमोहक रंगोलियां बनाई गईं।



वहीं घरों की रंग-बिरंगी रोशनी और सुसज्जित गार्डन ने पूरे सन सिटी परिसर को दीपावली के उल्लास से जगमगा दिया।

दोनों दिन निर्णायक मंडल एवं प्रभारियों द्वारा सभी प्रतिभागियों की कलाकृतियों और सजावट का बारीकी से निरीक्षण किया गया। प्रतियोगिता की भव्यता एवं आकर्षण ऐसा रहा कि शहरवासी देर रात तक सन सिटी पहुंचकर प्रतिभागियों की अद्भुत कला एवं रचनात्मकता का आनंद लेते रहे।

इस भव्य आयोजन में सन सिटी अध्यक्ष आनंद चोपड़ा के नेतृत्व में संयोजक नीलू अग्रवाल एवं पिंकी माहेश्वरी, निर्णायक मंडल के अतुल चोपड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष सुशील माहेश्वरी, कोषाध्यक्ष राजेश डागा तथा समस्त प्रभारीगण कीर्ति अग्रवाल, रूपाली गांधी, रितिका तिवारी, नीलम सोनी, मेघाली चोपड़ा, अर्पिता जेठानी, मनीषा देवांगन, निशा डागा एवं प्रभा गोलछा सहित सभी सदस्यों ने उपस्थित निर्णायकों के साथ प्रतियोगिता स्थलों का निरीक्षण किया एवं आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सन सिटी परिवार के सभी सदस्यों की उत्साहपूर्ण सहभागिता एवं सामूहिक प्रयासों से दीपावली का यह आयोजन कला, रचनात्मकता, उमंग और आपसी सौहार्द का यादगार उत्सव बन गया।

उक्त जानकारी पीआरओ मनीष साहिता कुणाल शर्मा के साथ योगेश कोटक द्वारा दी गई।

गोवर्धन पूजा पर महापौर ने कांजी हाउस में गौमाता की पूजा कर खिलाई खिचड़ी

शहरवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। महापौर मधुसूदन यादव ने गोवर्धन पूजा पर्व के पावन अवसर पर कन्हारपुरी के कांजी हाउस में विधि-विधान से गोवंश की पूजा-अर्चना कर गौमाता को खिचड़ी खिलाई। साथ ही शहर के मंदिरो में दर्शन कर भरकापारा स्थित प्राचीन मोतीनाथ मंदिर एवं महावीर चैक स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली बनी रहने की कामना करते हुए दीपावली एवं गोवर्धन पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर उन्होने मंदिरों में अन्नकुट प्रसादी वितरण किया। गौमाता पूजा के दौरान निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम, पुनर्वास तथा नियोजन विभाग के प्रभारी सदस्य डिलेश्वर साहू, पार्षदगण मती मोहनी युवराज भारती,मती रीना ओमप्रकाश सिन्हा एवं मती चन्द्रिका हिंसाराम साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस पावन अवसर पर महापौर यादव ने कहा कि गोवर्धन पूजा छत्तीसगढ का सबसे बड़ा पारंपरिक त्योहार है। आज के दिन गौमाता की पूजा का बहुत महत्व है, गौमाता की सेवा और संरक्षण हमारी धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक परंपरा का भी अभिन्न अंग है। गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति, पशुधन और अन्न के महत्व को समझने तथा उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने की प्रेरणा देती है। मंदिरो में पूजा अर्चना के दौरान दीपावली पर्व की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि शहर के लगभग सभी मंदिरो में आज अन्नकुट का भोग लगाकर प्रसादी वितरण किया जाता है। जिससे शहर में एक अलग ही धार्मिक भावना देखने को मिलती है। आयुक्त मरकाम ने दीपावली की शुभकामनाए देते हुए कहा कि कन्हापुरी काजी हाउस में हर साल उत्साह के साथ गोवर्धन पूजा पर्व मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कांजी हाउस का जीर्णोद्धार कर उसे मूर्तरूप दिया जायेगा। इसके अलावा निगम द्वारा संचालित सभी काजी हाउसो में गौमाताओ के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था का संचालन रूचारू रूप से करने का प्रयास रहता है। अन्नकुट प्रसादी अवसर पर ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



महंगाई में गरीबों का सहारा मुफ्त चावल : शिव वर्मा

डॉ. रमन सिंह की पहल और मोदी सरकार की योजना से गरीबों को राहत

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगर निगम के वरिष्ठ भाजपा पार्षद शिव वर्मा ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई के दौर में गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार की खाद्यान्न योजनाएं किसी बड़े सहारे से कम नहीं हैं। सरकार द्वारा पात्र गरीब परिवारों को नि:शुल्क चावल उपलब्ध कराने की व्यवस्था से लाखों परिवारों को खाद्य सुरक्षा मिल रही है। यदि गरीबों को यह सुविधा नहीं मिलती, तो महंगाई के इस दौर में उनके सामने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने का संकट और भी गंभीर हो जाता। श्री वर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गरीबों को सस्ता खाद्यान्न उपलब्ध कराने की दिशा में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की दूरदर्शी सोच ने ऐतिहासिक पहल की थी। उन्होंने प्रदेश में एक रुपये प्रति किलो की दर से चावल उपलब्ध कराने की योजना शुरू की थी। इस योजना का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर देना था। इस ऐतिहासिक पहल ने प्रदेश में गरीब कल्याण की एक नई पहचान बनाई और लाखों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा शुरू की गई इस व्यवस्था को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब परिवारों को नि:शुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। इसके माध्यम से पात्र परिवारों को पूरे वर्ष खाद्यान्न की चिंता से काफी हद तक मुक्ति मिली है। वर्तमान व्यवस्था में पात्र गरीब परिवारों को प्रति माह 35 किलो खाद्यान्न उपलब्ध होने से उनके घरेलू बजट को बड़ी राहत मिल रही है। श्री वर्मा ने कहा कि आज महंगाई का असर हर वर्ग पर पड़ रहा है। खाद्य सामग्री, सब्जियां, दाल, तेल और दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम बढ़ने से मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों का घरेलू बजट प्रभावित हो रहा है। ऐसे समय में मुफ्त चावल की योजना गरीब परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इससे परिवारों को अपनी आय का बड़ा हिस्सा अनाज खरीदने में खर्च नहीं करना पड़ता और वे उस राशि का उपयोग बच्चों की पढ़ाई, स्वास्थ्य, कपड़े तथा अन्य आवश्यक जरूरतों को पूरा करने में कर सकते हैं।



लीज निरस्त होना पहला चरण, अब दोषियों की जवाबदेही और 23 एकड़ जमीन के सदुपयोग की बारी : ऋषि शास्त्री

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। बसंतपुर स्थित कोड़ीखाना परिसर की लगभग 22.90 एकड़ शासकीय भूमि की 43 साल पुरानी लीज निरस्त किए जाने के प्रशासनिक फैसले के बाद युवा नेता एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने इसे बसंतपुरवासियों और उनकी टीम के लंबे संघर्ष का महत्वपूर्ण परिणाम बताया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लीज निरस्त होना कार्रवाई का पहला चरण है, अंतिम समाधान नहीं। इस पूरे संघर्ष का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब भूमि के दुरुपयोग और अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार लोगों पर विधिसम्मत दंडात्मक कार्रवाई होगी तथा इस भूमि का उपयोग वर्तमान जरूरतों और जनहित के अनुरूप सुनिश्चित किया जाएगा।

गौरतलब है कि कुष्ठ रोगियों के उपचार एवं पुनर्वास के उद्देश्य से शासन द्वारा दी गई इस भूमि का कथित तौर पर मूल उद्देश्य से हटकर व्यावसायिक गतिविधियों में उपयोग किया जा रहा था। परिसर में पेड़ों की कथित अवैध कटाई, तालाब में मछली पालन, कृषि भूमि को रेघा पर देने तथा भवनों और आवासीय क्वार्टरों को किराये पर देने जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर ऋषि शास्त्री ने बसंतपुरवासियों और अपनी टीम के साथ मिलकर आवाज उठाई थी। इस संबंध में ज्ञापन सौंपने से लेकर आंदोलन तक किया गया और प्रशासन से निष्पक्ष जांच तथा जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की गई थी।



समाचार पत्र में 7 नवंबर 2026 को प्रकाशित समाचार के अनुसार प्रशासनिक जांच में लगभग 22.90 एकड़ परिसर में औसतन केवल तीन मरीजों का उपचार किए जाने की जानकारी सामने आई। परिसर के लगभग 1.50 एकड़ तालाब को मछली पालन के लिए ठेके पर दिया गया था। कृषि भूमि निजी किसानों को रेघा पर देने तथा पक्के भवनों एवं क्वार्टरों को किराये पर देकर व्यावसायिक आय अर्जित करने के तथ्य भी जांच में सामने आए। इसके बाद जिला प्रशासन ने लीज निरस्त कर सात दिनों के भीतर भूमि का भौतिक कब्जा शासन को वापस दिलाने के निर्देश दिए हैं।

ऋषि शास्त्री ने कहा कि कोड़ीखाना का मामला केवल जमीन का नहीं, बल्कि जनहित, सार्वजनिक संपत्ति और कुष्ठ रोगियों के अधिकारों से जुड़ा हुआ था। जिस जमीन को जरूरतमंद मरीजों के उपचार और सेवा के लिए दिया गया था, उसका उपयोग यदि व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा था तो इसकी जवाबदेही तय होना आवश्यक था। इसी उद्देश्य से बसंतपुर के नागरिकों और अपनी टीम के साथ उन्होंने लगातार संघर्ष किया।

उन्होंने इस मामले में एक और गंभीर आशंका जताते हुए कहा कि कोड़ीखाना का मामला केवल राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज लगभग 22.90 एकड़ भूमि तक सीमित हो, यह जरूरी नहीं है। ऐसी आशंका है कि दर्ज रकबे के अतिरिक्त आसपास की अन्य शासकीय भूमि पर भी कब्जा हो सकता है। इसलिए पूरे परिसर और उससे लगी शासकीय भूमि का राजस्व अभिलेखों के आधार पर सीमांकन, खसरा-नक्शे से मिलान और मौके पर भौतिक सत्यापन कराया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष और व्यापक जांच होती है तो जमीन के वास्तविक रकबे, कब्जे, उपयोग और वर्षों से संचालित आर्थिक गतिविधियों को लेकर कई चौंकाने वाले एवं महत्वपूर्ण तथ्य सामने आ सकते हैं।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com